"हमें पता था कि तेज बारिश होने वाली है और इसलिए हम जल्द से जल्द उनकी पारी समाप्त करना चाहते थे। भारत ने विकेट लेने के एक और अवसर के रूप में नई गेंद को ध्यान में रखा था।

- के. एल. राहुल

भारतीय बल्लेबाज, तेज गेंदबाजों श्रीलंका की हार को लेकर बोलते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

शुभमन गिल

कप्तान शुभमन गिल ने टीम के प्रदर्शन पर संतोष जताते हुए 600वें टेस्ट मैच में जीत को स्पेशल बताया। साथ ही युवा स्पिन ऑलराउंडर मानव सुथार और बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल के शानदार प्रदर्शन की भी जमकर तारीफ की। हमारे लिए यह बहुत संतोषजनक जीत रही। मौसम को लेकर अनिश्चितता के कारण टीम पर थोड़ा दबाव था, लेकिन खिलाड़ियों ने परिस्थितियों का शानदार तरीके से सामना किया। सुथार अपने टेस्ट पदार्पण से ही लगातार शानदार गेंदबाजी कर रहे हैं। चाहे वह भारत में खेला गया पहला मैच हो या फिर इस मैच में।

क्या आप जानते हैं ?... भारतीय हॉकी ओलंपिक स्वर्ण: 1928, 1932, 1936, 1948, 1952, 1956, 1960 (रजत), 1964 (स्वर्ण), 1968 (कांस्य), 1972 (कांस्य), 1980 और टोक्यो 2020 व पेरिस 2024 में कांस्य पदक।

भारत ने श्रीलंका को 165 रनों से हराया, सुथार के 10 विकेट और पडिक्कल के 211 रन

गाले (श्रीलंका), 19 अगस्त । भारतीय टीम ने गाले में खेले गए पहले टेस्ट मैच में श्रीलंका को 165 रनों से हराकर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। भारत ने मेजबान टीम के सामने 372 रनों का विशाल लक्ष्य रखा था, जिसके जवाब में श्रीलंका की दूसरी पारी बुधवार को 206 रनों पर सिमट गई। भारतीय बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल टेस्ट की दोनों पारियों में कुल 211 रन बनाकर प्लेअर ऑफ दी मैच बने। भारतीय टीम की इस जीत में स्पिन ऑलराउंडर मानव सुथार और बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल का अहम योगदान रहा। सुथार ने जहां पहली पारी में 4 और दूसरी पारी में 6 विकेट हासिल करते हुए 10 श्रीलंकाई बल्लेबाजों को पवेलियन भेजा, वहीं पडिक्कल ने अपने बल्ले से कमाल का प्रदर्शन करते हुए मुकाबले में कुल 211 रन बनाए। पडिक्कल ने पहली पारी में 167 रन और दूसरी पारी में 44 रनों की पारी खेली। मुकाबले में भारत ने अपनी पहली पारी में 462 रन बनाए थे। श्रीलंका की पहली पारी 284 रन पर सिमट गई थी। इससे भारतीय टीम को दूसरी पारी में 178 रन की बढ़त मिली। इसके बाद भारतीय टीम ने अपनी दूसरी पारी में 193 रन बनाए और कुल 371 रन की बढ़त हासिल की। इस तरह श्रीलंका को 372 रनों का लक्ष्य मिला था। जवाब में मेजबान टीम 206 रन ही बना पाई। इस जीत के साथ भारत ने दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली है। सीरीज का दूसरा और आखिरी टेस्ट 23 अगस्त से कोलंबो में खेला जाएगा।

प्लेयर ऑफ द मैच रहे पडिक्कल बोले, इससे बेहतर की उम्मीद नहीं कर सकता था

श्रीलंका के खिलाफ गाले में खेले गए पहले टेस्ट में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने कहा कि यह मुकाबला उनके लिए शानदार रहा और वह इससे बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद नहीं कर सकते थे। पडिक्कल ने मैच में कुल 211 रन बनाए और उन्हें प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया। भारतीय टीम ने मेजबान श्रीलंका के सामने 372 रनों का विशाल लक्ष्य रखा था। इसके जवाब में श्रीलंका की दूसरी पारी बुधवार को मैच के पांचवें दिन 206 रन पर सिमट गई। भारत ने मुकाबला 165 रन से अपने नाम कर दो मैचों की टेस्ट सीरीज में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। पडिक्कल ने भारत की पहली पारी में शानदार 167 रन बनाए थे, जबकि दूसरी पारी में उन्होंने 44 रन का योगदान दिया। मैच के बाद पडिक्कल ने कहा, "मुझे लगता है कि हमने बहुत अच्छी क्रिकेट खेली और जीत से बहुत खुश हूं। मैंने धर्मशाला से टेस्ट में शुरुआत की, फिर पर्थ में टेस्ट खेला और अब गाले में। इससे बेहतर की मैं उम्मीद नहीं कर सकता था। मैच शानदार था।" उन्होंने गाले की पिच की भी तारीफ करते हुए कहा, "मुझे लगता है कि यह टेस्ट मैच के लिए बेहतरीन पिच थी। पांचों दिन पिच ने अच्छा व्यवहार किया। तीसरे दिन से निश्चित रूप से इसमें ज्यादा टर्न मिलने लगी थी लेकिन आखिर में बात यह थी कि कौन बेहतर प्रदर्शन करता है और हमने यह बखूबी किया।"

भारत ने पाकिस्तान को 5-3 से हराया

पूल डी में दूसरे स्थान पर रहते हुए सेमीफाइनल की दौड़ में बरकरार

अम्स्टेलवीन, 19 अगस्त । भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के पूल डी के अपने आखिरी मुकाबले में पाकिस्तान को 5-3 से हराकर सेमीफाइनल की दौड़ में खुद को बरकरार रखा। इस जीत के साथ भारत ने छह अंक हासिल किए और पूल डी में दूसरे स्थान पर रहते हुए अगले दौर में प्रवेश किया। इंग्लैंड तीनों मुकाबले जीतकर पूल में शीर्ष पर रहा, जबकि पाकिस्तान और वेल्स को वर्गीकरण चरण में खेलना होगा।

भारत की ओर से कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने दो गोल किए, जबकि अभिषेक ने भी दो गोल दागे। हार्दिक सिंह ने एक गोल किया। पाकिस्तान के लिए हन्नान शाहिद ने दो और सुफियान खान ने एक गोल किया। भारत ने शुरुआत से ही आक्रामक तेवर दिखाए और बाएं छोर से लगातार हमले किए। पांचवें मिनट में भारत को पेनल्टी कॉर्नर मिला। हरमनप्रीत का पहला ड्रैग-फ्लिक रशर के पैर से टकराया, जिसके बाद दोबारा पेनल्टी कॉर्नर मिला। कप्तान ने इस बार कोई गलती नहीं की और गेंद को गोलकीपर अली रजा की बाईं ओर भेजकर भारत को 1-0 की बढ़त दिला दी। भारत ने 11वें मिनट में अपनी बढ़त दोगुनी कर दी। हरमनप्रीत के एरियल पास को अभिषेक ने हासिल किया और उनका प्रयास पाकिस्तान के रक्षकों से डिफ्लेक्ट होकर गोल में चला गया। दूसरे क्वार्टर में भारत ने 21वें मिनट में तीसरा गोल किया। पेनल्टी कॉर्नर पर हरमनप्रीत ने रणनीति में बदलाव करते हुए राजिंदर को गेंद दी। उनके शॉट को गोलकीपर ने रोका, लेकिन रिबाउंड पर हरमनप्रीत ने गेंद को अपने कब्जे में लेकर शानदार गोल दाग दिया। पाकिस्तान ने अगले ही मिनट में वापसी की। मिडफील्ड में विवेक सागर प्रसाद से गेंद छीनने के बाद पाकिस्तान ने हमला बोला। भारतीय गोलकीपर ने मोइन शकील के प्रयास को रोक लिया, लेकिन रिबाउंड पर हन्नान शाहिद ने गोल कर स्कोर 1-3 कर दिया।

भारत ने ज्यादा देर नहीं लगाई और 24वें मिनट में अभिषेक ने शानदार गोल करते हुए बढ़त 4-1 कर दी। इसके तुरंत बाद पाकिस्तान को पेनल्टी कॉर्नर मिला और सुफियान खान ने गोल करके अंतर 4-2 कर दिया। दूसरे क्वार्टर में दोनों टीमों ने दो-दो गोल किए। तीसरे क्वार्टर में भारत ने 35वें मिनट में फिर तीन गोल की बढ़त हासिल कर ली। आदित्य को सर्कल के अंदर धक्का दिए जाने पर भारत को पेनल्टी स्ट्रोक मिला, जिसे हार्दिक सिंह ने आसानी से गोल में बदलकर स्कोर 5-2 कर दिया। पाकिस्तान ने हार नहीं मानी और 46वें मिनट में हन्नान शाहिद ने भारत की मिडफील्ड में हुई गलती का फायदा उठाते हुए अपना दूसरा गोल कर स्कोर 5-3 कर दिया। आखिरी क्वार्टर में पाकिस्तान ने लगातार दबाव बनाने की कोशिश की और 58वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर भी हासिल किया, लेकिन उसकी रणनीति सफल नहीं हुई। भारत ने अंतिम मिनटों में संयम बनाए रखा और 5-3 की शानदार जीत सुनिश्चित की।

महिला हॉकी विश्व कप: पूल डी में शीर्ष स्थान के लिए आज इंग्लैंड से भिड़ेगी भारतीय टीम

एमस्टेलवीन (नीदरलैंड्स), 19 अगस्त। भारतीय महिला टीम गुरुवार को एमस्टेलवीन में एफआईएच हॉकी विश्व कप 2026 के पहले चरण के अपने अंतिम मैच में इंग्लैंड से भिड़ते हुए पूल डी में शीर्ष स्थान हासिल करने की कोशिश करेगी। सेमीफाइनल में पहुंचने की दौड़ में बने रहने के लिए यह मुकाबला बेहद अहम है। भारतीय टीम फिलहाल पूल डी में दो मैचों में चार अंकों के साथ शीर्ष स्थान पर बना हुआ है। उसके अंक चीन के बराबर हैं, लेकिन गोल अंतर के आधार पर भारत उससे आगे है। दोनों टीमों के बीच पहला मैच 2-2 से ड्रॉ रहा, जिसके बाद सलीमा टेटे की अगुवाई वाली भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 6-1 से करारी शिकस्त दी। इंग्लैंड की महिला टीम तीन अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है और टूर्नामेंट में अपनी दावेदारी बनाए हुए है।

मुकाबले से पहले भारतीय टीम के मुख्य कोच सोर्ड मारिन ने कहा कि यह एक रोमांचक मैच होगा। पिछली बार हम उनसे (एफआईएच विश्व कप क्वालीफायर में) हार गए थे और अब यह देखना होगा कि हमने कितनी प्रगति की है और क्या हम उनके करीब पहुंच पाए हैं।

हॉकी इंडिया के अनुसार दक्षिण अफ्रीका पर जीत का एक सबसे बड़ा सकारात्मक पहलू यह था कि गोल करने की जिम्मेदारी सभी भारतीय खिलाड़ियों में समान रूप से बंटी हुई थी, जिसमें छह अलग-अलग भारतीय खिलाड़ियों ने गोल दागे। इससे इंग्लैंड के खिलाफ उच्च दबाव वाले मुकाबले की तैयारी कर रही भारतीय टीम को और भी प्रोत्साहन मिलता है। भारत के युवा खिलाड़ियों का उभरना भी उनके अभियान की एक खास बात रही है। दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ स्कोर करने वालों में साक्षी राणा और सुनेलिता टोप्पो शामिल थीं, जो इस बात का संकेत है कि टीम की अगली पीढ़ी बड़े मंच पर अपनी जगह बनाना शुरू कर रही है। उनकी प्रगति में नेहा, नवनीत कौर, सुशीला चानू जैसी खिलाड़ियों के अनुभव और वर्तमान प्रदर्शन का भी योगदान रहा है। हॉकी इंडिया के मुताबिक कप्तान सलीमा के नेतृत्व में भारत ने यह साबित कर दिया है कि वे टूर्नामेंट की चुनौतियों के अनुरूप ढलने में सक्षम हैं और साथ ही अपने आक्रामक इरादे को भी बरकरार रखते हैं।

आर प्रज्ञानानंदा ग्रैंड चेस टूर के फाइनल में पहुंचे

नई दिल्ली, 19 अगस्त । भारतीय ग्रैंडमास्टर आर प्रज्ञानानंदा ने 2026 ग्रैंड चेस टूर के फाइनल में जगह पक्की कर ली है। उन्होंने सिंक्विफील्ड कप के 8वें राउंड में फ्रांस के मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव को काले मोहरों से 27 चाल में हरा दिया। इस जीत से प्रज्ञानानंदा के 5 अंक हो गए और वे अमेरिका के वेस्ली सो के साथ संयुक्त रूप से पहले स्थान पर पहुंच गए।

राउंड-8 के बाद प्रज्ञानानंदा और वेस्ली सो के 5-5 अंक हैं। दोनों संयुक्त रूप से पहले स्थान पर हैं। जावोखिर सिंदारोव 4.5 अंक के साथ तीसरे स्थान पर हैं, जबकि फैबियानो कारुआना और मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के 4-4 अंक हैं। अब टूर्नामेंट में सिर्फ एक राउंड बाकी है। प्रज्ञानानंदा और मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव के बीच मुकाबले की शुरुआत रुई लोपेज ओपनिंग से हुई। प्रज्ञानानंदा ने काले मोहरों से खेलते हुए शुरुआती दौर में स्थिति को संतुलित रखा। इसके बाद उन्हें धीरे-धीरे बढ़त मिली और 27वीं चाल के बाद मैक्सिम वाचियर-लाग्रेव ने मुकाबला छोड़ दिया।

सात्विक-चिराग को मिला वॉकओवर, बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 में सीधे प्री-क्वार्टर में एंट्री

नई दिल्ली, 19 अगस्त। भारत की टॉप-रैंक वाली पुरुष डबल्स जोड़ी, सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी, बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 के राउंड ऑफ़ 16 में पहुँच गई है। उन्हें स्कॉटलैंड के अलेक्जेंडर डन और एडम प्रिंगल से वॉकओवर मिला, क्योंकि वे बुधवार को होने वाले मैच से पहले ही हट गए थे। पांचवीं सीड वाली भारतीय जोड़ी को पहले राउंड में बाय मिला था और उन्हें स्कॉटिश जोड़ी के खिलाफ अपना अभियान शुरू करना था, लेकिन उस जोड़ी ने मैच से नाम वापस ले लिया।

बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ़ इंडिया ने सोशल मीडिया पर इस बात की पुष्टि करते हुए कहा कि वॉकओवर मिलने के बाद भारतीय जोड़ी बीडब्ल्यूएफ वर्ल्ड चैंपियनशिप 2026 के प्री-क्वार्टर फाइनल में पहुँच गई है। उसी दिन, तनीषा क्रास्टो और ध्रुव कपिला की मिक्स्ड डबल्स टीम ने राउंड ऑफ़ 32 में मकाऊ के लियोन्ग इओक चोन और एनजी वेंग ची को 21-11, 21-11 से हराकर प्री-क्वार्टर फ़ाइनल में जगह बनाई।

भारतीय शटलर लक्ष्य सेन ने इंदिरा गांधी इंडोर स्टेडियम में पुरुषों के सिंगल्स राउंड ऑफ़ 64 में शानदार वापसी करते हुए ऑस्ट्रिया के कॉलिन्स वेलेंटाइन फिलिमोन को 45 मिनट में 16-21, 21-8, 21-4 से हराया। महिलाओं के सिंगल्स में, उन्नित हुड्डा ने पहले राउंड में म्यांमार की थेत हतार थुज़ार को 22-20, 21-16 से हराकर अगले दौर में जगह बनाई। हुड्डा ने कड़े मुकाबले वाले पहले गेम को जीता और फिर दूसरे गेम में अपनी पकड़ मजबूत करते हुए सीधे गेम में जीत हासिल की।

भारत को महिलाओं के डबल्स में भी सफलता मिली, जहाँ ट्रेसा जॉली और गायत्री गोपीचंद ने अमेरिकी जोड़ी लॉरेन लैम और एलिसन ली को 21-15, 21-12 से हराकर राउंड ऑफ़ 16 में प्रवेश किया। दुनिया में 39वें नंबर की इस भारतीय जोड़ी ने दोनों गेम में अपना दबदबा बनाए रखा।

तनीषा और ध्रुव की बढ़ी हुई स्थिरता, मकाऊ में प्री-क्वार्टर में बनी जगह

नई दिल्ली, 19 अगस्त । तनीषा क्रास्टो का इस पर फैसला बेहद साफ है-'इसका स्वाद घास जैसा है।' कप में क्या होना चाहिए इस पर दोनों की पसंद भले ही अलग हो लेकिन बैडमिंटन कोर्ट पर भारतीय मिश्रित युगल जोड़ी पिछले दो वर्षों में यह अच्छी तरह समझ चुकी है कि दोनों की भूमिका क्या है। सिंगापुर सुपर 750 में तनीषा के साथ सेमीफाइनल तक पहुंचने वाले ध्रुव ने कहा, "पिछले दो साल अच्छे रहे हैं। पहले साल हम यह समझते हुए आगे बढ़ रहे थे कि हमें क्या करना है और इसे कैसे हासिल करना है। लेकिन पिछले साल से हमने काफी कुछ सीखा और इस साल चीजें अच्छी चल रही हैं।" उन्होंने कहा, "ऐसे दिन भी आते हैं जब हम अपने सर्वश्रेष्ठ स्तर पर नहीं होते, लेकिन फिर भी हम यह समझने की कोशिश कर रहे हैं कि हमें कैसे अधिक स्थिर होना है और मैच में अच्छा प्रदर्शन जारी रखना है।" तनीषा ने कहा, "हमारे भी कुछ खराब दिन होते हैं लेकिन अंत में फिर से एक साथ आना बहुत महत्वपूर्ण है।" उन्होंने कहा, "हम साथ बैठकर काफी मैच देखते हैं। इससे हमें यह समझने में मदद मिलती है कि वास्तव में क्या गलत हुआ और हमने क्या अच्छा किया।

अंडर -16 टीम चयन ट्रायल में चयनित खिलाड़ियों का दो दिवसीय अभ्यास कैंप संपन्न

दौसा, 19 अगस्त। जिला क्रिकेट संघ सचिव बृज किशोर उपाध्याय ने बताया कि आरसीए द्वारा आयोजित अंडर 16 प्रतियोगिता 05 सितंबर से आयोजित की जाएगी जिसके लिए जिले की टीम का चयन ट्रायल दिनांक 16.08.2026 रविवार को राजेश पायलट राजकीय स्टेडियम पर लिया गया।ट्रायल के लिए आए खिलाड़ियों की ट्रायल ली गई ट्रायल में लगभग 80 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया जिनमें से 56 खिलाड़ियों को शॉर्ट लिस्ट करके अभ्यास कैंप के लिए बुलाया गया है अभ्यास कैंप राजेश पायलट राजकीय स्टेडियम पर मंगलवार एवं बुधवार को सुबह 7:30 बजे आयोजित किया गया फिटनेस कैम्प के अंतर्गत प्रशिक्षित कोच द्वारा खिलाड़ियों का फिटनेस टेस्ट लिया गया जूनियर खिलाड़ियों के लिए सीनियर खिलाड़ी ने भी टिप्स दिए

सचिव बृज किशोर उपाध्याय द्वारा यह भी बताया गया कि पिछले दो टर्म से अंडर 16 टीम का प्रदर्शन काफी निराशाजनक रहा है इसलिए उनका पहले अभ्यास कैम्प के अंतर्गत खिलाड़ियों की फिटनेस और उनका यो यो टेस्ट लिया गया सारे खिलाड़ियों की 3 टीम बना कर अभ्यास मैच के आधार पर फाइनल टीम का चयन का चयन किया जाएगा और टीम मैं आवश्यकता पड़ने पर प्रोफेशनल खिलाड़ी भी लिए जाएंगे।

बेंगलुरु नहीं अब चेन्नई में होगा दलीप ट्रॉफी का फाइनल: देवजीत सैकिया

नई दिल्ली, 19 अगस्त। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड ने टूर्नामेंट के फाइनल मुकाबले का आयोजन स्थल बदलने का फैसला किया है। अब दलीप ट्रॉफी का फाइनल बेंगलुरु के बजाय चेन्नई के एमए चिदंबरम स्टेडियम में खेला जाएगा। यह मुकाबला 6 सितंबर से शुरू होगा और पांच दिनों तक चलेगा।

बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने बताया कि बेंगलुरु स्थित बीसीसीआई सेंटर ऑफ एक्सीलेंस में क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मुकाबले तय कार्यक्रम के अनुसार खेले जाएंगे, लेकिन इन मैचों को देखने के लिए आम दर्शकों को मैदान में प्रवेश नहीं दिया जा सकेगा। इसके पीछे सरकारी प्रतिबंधों को वजह बताया गया है। ऐसे में बोर्ड ने फाइनल को चेन्नई ट्रांसफर करने का फैसला किया है, ताकि क्रिकेट प्रशंसक स्टेडियम में बैठकर देश के शीर्ष खिलाड़ियों को खेलते हुए देख सकें। सैकिया के मुताबिक, बेंगलुरु के उत्कृष्टता केंद्र में दो क्वार्टर फाइनल और दो सेमीफाइनल मुकाबले आयोजित किए जाएंगे। हालांकि, वहां आम लोगों के लिए प्रवेश की अनुमति नहीं होने के कारण फाइनल के आयोजन स्थल में बदलाव किया गया है। चेन्नई का एमए चिदंबरम स्टेडियम देश के प्रमुख क्रिकेट मैदानों में शामिल है और यहां बड़ी संख्या में दर्शकों के पहुंचने की उम्मीद है।

मौजूद जानकारी के अनुसार, दलीप ट्रॉफी का इस बार का आयोजन 23 अगस्त से शुरू होगा। यह अंतर-क्षेत्रीय लाल गेंद वाला बहुदिवसीय टूर्नामेंट है, जिसमें देश के अलग-अलग क्षेत्रों की टीमें हिस्सा लेंगी। शुरुआती चरण में दो क्वार्टर फाइनल एक साथ खेले जाएंगे। पहले मुकाबले में पूर्व क्षेत्र का सामना पूर्वोत्तर क्षेत्र से होगा, जबकि दूसरे क्वार्टर फाइनल में उत्तर क्षेत्र और पश्चिम क्षेत्र आमने-सामने होंगे। क्वार्टर फाइनल मुकाबले चार-चार दिन के होंगे और इनकी शुरुआत 23 अगस्त से होगी। इसके बाद दोनों सेमीफाइनल मुकाबले 30 अगस्त से शुरू होंगे। इन मुकाबलों के बाद फाइनल के लिए दोनों विजेता टीमें चेन्नई पहुंचेंगी। फाइनल छह सितंबर से खेला जाएगा और यह पांच दिन का मुकाबला होगा।

गौरतलब है कि दलीप ट्रॉफी में देश के कई प्रमुख और उभरते हुए क्रिकेटरों को लाल गेंद के प्रारूप में खुद को साबित करने का मौका मिलता है। घरेलू क्रिकेट का यह टूर्नामेंट भारतीय टीम के लिए भी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों की पहचान करने का महत्वपूर्ण मंच माना जाता है। खास तौर पर टेस्ट क्रिकेट के लिए खिलाड़ियों की तैयारी में ऐसे मुकाबलों की अहम भूमिका रहती है।

एशियाई यूथ हैंडबॉल में राजस्थान के मानवेन्द्र सिंह करेंगे देश का प्रतिनिधित्व, भारतीय टीम जॉर्डन रवाना

जयपुर, 19 अगस्त। अम्मान (जॉर्डन) में 20 से 31 अगस्त तक होने वाली 11वीं एशियाई पुरुष यूथ हैंडबॉल चैंपियनशिप में भाग लेने के लिये भारतीय टीम बुधवार को जॉर्डन रवाना हो गई। इस टीम में राजस्थान के मानवेन्द्र सिंह का चयन हुआ है।

राजस्थान राज्य हैंडबॉल संघ के मानद सचिव यश प्रताप सिंह ने बताया कि भारतीय टीम में पीवट पोजीशन पर चयनित मानवेन्द्र सिंह जोधपुर के भालासरिया गाँव का है तथा गत वर्ष से राजस्थान राज्य क्रीड़ा परिषद द्वारा जैसलमेर में संचालित बालक हैंडबॉल अकादमी का खिलाड़ी है।

उन्होंने बताया कि भारतीय टीम का प्रशिक्षण शिविर 22 जुलाई से 18 अगस्त तक अलीगढ़ स्थित पावना स्पोर्ट्स फाउंडेशन के इंडोर हैंडबॉल स्टेडियम में लगाया गया था। पावना स्पोर्ट्स फाउंडेशन की गोल्डन ईगल हैंडबॉल अकैडमी के लिए अनुबंधित विदेशी कोच पुर्तगाल के फर्नांडो नुएनस भारतीय टीम के कोच के रूप में गए है। अन्य प्रशिक्षकों में पी. कीर्ति वेंकटेश (गोल्डन ईगल-अलीगढ़), मोहम्मद तौहीद (उत्तर प्रदेश), नवीन मलिक (इंडियन रेलवे) है।

मानवेंद्र सिंह के चयन पर राज्य हैंडबॉल संघ के अध्यक्ष ललित कुमार कलाल, मानद सचिव यश प्रताप सिंह सहित समस्त कार्यकारिणी ने बधाई एवं शुभकामनाए देते हुए कामना की कि राजस्थान का यह युवा खिलाड़ी एशियाई चैंपियनशिप में शानदार प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम गौरवान्वित करेगा।

पेशेवर खिलाड़ी प्रखर असावा शानदार प्रदर्शन कर संयुक्त रूप से 7वें स्थान पर पहुंचे

जयपुर, 19 अगस्त। होल चौम्पियनशिप गोल्फ कोर्स को प्रसिद्ध गोल्फ कर्नाटक के कोलार में स्थित 18 कोर्स डिजाइनर रॉनल्ड फ्रीम ने डिजाइन किया है। यह कोर्स विस्तृत ग्रेनाइट चट्टानी भू-भाग, लाल-भूरे रंग के विशाल पत्थरों और जगह-जगह फैली झीलों के बीच सुंदर रूप से निर्मित है, जिसमें लहरदार एवं उतार-चढ़ाव वाले फेयरवे और ग्रीन्स हैं। यह कोर्स 7,300 गज से अधिक लंबा है।

ज़ायोन हिल्स गोल्फ़ काउंटी का चौम्पियनशिप लेआउट अपने व्यापक ऊंचाई परिवर्तन, ग्रेनाइट से भरे फेयरवे, जल अवरोधों और लगातार बदलती तेज क्रॉस विंड के कारण भारतीय गोल्फ के सबसे चुनौतीपूर्ण कोर्सों में से एक माना जाता है। विशेष रूप से होल नंबर 6, 7, 8 और 9 अत्यंत चुनौतीपूर्ण हैं, जहां जल अवरोध, गेंद के उतरने के लिए संकरे क्षेत्र और घने रफ के कारण खिलाडियों की क्षमता की कडी परीक्षा होती है।

ऐसी कठिन परिस्थितियों में रामबाग गोल्फ क्लब के पेशेवर खिलाडी प्रखर असावा के शानदार प्रदर्शन ने उनके खेल कौशल और धैर्य को विशेष रूप से उल्लेखनीय बना दिया है। प्रखर ने बेहतरीन गोल्फिंग क्षमता और रणनीतिक समझ का प्रदर्शन करते हुए लगातार वन-अंडर-पार के राउंड खेले और प्रतियोगिता के दूसरे दिन की समाप्ति पर संयुक्त रूप से 7वें स्थान पर हैं। दोनों दिनों के प्रदर्शन को मिलाकर प्रखर ने अब तक 9 बर्डी, 20 पार और 7 बोगी दर्ज की हैं। देशभर के 125 शीर्ष गोल्फरों की बेहद कड़ी प्रतिस्पर्धा के बीच उनका यह प्रदर्शन निश्चित रूप से सराहनीय और उल्लेखनीय है।

एमजीडी गर्ल्स स्कूल में इंटर-हाउस खेलकूद प्रतियोगिता शुरू, मैदान में छात्राओं ने दिखाया दमखम

जयपुर, 19 अगस्त। महारानी गायत्री देवी (एमजीडी) गर्ल्स स्कूल में बुधवार को वार्षिक इंटर-हाउस खेलकूद प्रतियोगिता 2026-27 का विधिवत आगाज़ हुआ। उद्घाटन समारोह में विद्यालय की निदेशिका अर्चना एस. मनकोटिया ने छात्राओं को खेल भावना और अनुशासन के साथ सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने के लिए प्रेरित किया। इसके पश्चात सभी प्रतिभागियों ने खेल मर्यादा और टीम भावना की शपथ ली।

प्रतियोगिता के पहले दिन विभिन्न मैदानों पर कड़े और रोमांचक मुकाबले देखने को मिले। खो-खो और क्रिकेट में फ्लोरेंस नाइटिंगेल व मैडम क्यूरी हाउस ने अपने-अपने मुकाबले जीतकर बढ़त बनाई, जबकि थ्रोबॉल में मैडम क्यूरी और फ्लोरेंस नाइटिंगेल हाउस विजयी रहे। 6-ए-साइड हॉकी के मुकाबलों में हेलेन केलर और सरोजिनी नायडू हाउस ने बाजी मारी। वहीं बास्केटबॉल और टेनिस स्पर्धाओं में मैडम क्यूरी व सरोजिनी नायडू हाउस की टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन करते हुए जीत दर्ज की।

इसके अतिरिक्त टेबल टेनिस, बैडमिंटन, ताइक्वांडो और शतरंज के शुरुआती मुकाबले भी पूरे उत्साह के साथ खेले गए। टूर्नामेंट के दूसरे दिन टेनिस और टेबल टेनिस के फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे।

राजीव गाँधी स्मृति लाईफ टाईम अचीवमेन्ट अवार्ड समारोह आज

जयपुर 19 अगस्त। राजीव गाँधी किकेट क्लब द्वारा दिनांक 20 अगस्त को आर सी ए एकेडमी में सांय 5 बजे राजीव गाँधी स्मृति लाईफ टाईम अचीवमेन्ट अवार्ड प्रदान किया जाऐगा। यह अवार्ड राजस्थान में किकेट के खेल को अहम उँचाईयों तक पहुँचाने व बढावा देने के लिए दिया जाता है। अवार्ड समारोह में राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष गोविन्द सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, विधायक रोहित बोहरा व विधायक रफीक खान सहित अन्य अतिथियों द्वारा डॉ. सी पी जोशी को अवार्ड से सम्मानित किया जाऐगा। उल्लेखनीय है कि डॉ. सी पी जौशी के राजस्थान किकेट संघ के अध्यक्ष के कार्यकाल में राजस्थान की रणजी टीम सन् 2011 व 2012 में लगातार 2 बार रणजी चैम्पीयन बनी। सन् 2017 में डॉ. सी पी जोशी दोबारा राजस्थान किकेट संघ के अध्यक्ष बने तो उन्होनें ही आर सी ए पर 5 वर्षों से चल रहा प्रतिबन्ध हटवाया।

राजस्थान राज्य जूनियर बालिका एथलेटिक्स चैंपियनशिप का शुभारम्भ

जयपुर, 19 अगस्त। राजस्थान एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में पटेल स्टेडियम, अजमेर में आयोजित राजस्थान राज्य जूनियर बालिका एथलेटिक्स चैंपियनशिप राज्य प्रतियोगिता का आज पटेल स्टेडियम, अजमेर में शुभारम्भ हुआ ।

प्रतियोगिता में प्रथम दिवस के परिणाम निम्न अनुसार हैं : अंडर 20 5000 मीटर रेस वॉक मनीषा बाड़मेर प्रथम खुशबू यादव अलवर द्वितीय प्रियंका चूरू तृतीय, अंडर 18 3000 मीटर रेस वॉक रिया राठौर जयपुर प्रथम पूजा लोहार राजसमंद द्वितीय प्रतिज्ञा चूरू तृतीय। **अंडर 20 वर्ष 5000 मीटर दौड़** चेतन यादव अलवर प्रथम शिवानी शर्मा भीलवाड़ा द्वितीय टीना कुमारी भीलवाड़ा तृतीय अंडर 16 80 मीटर हर्डल रोशन चौधरी ए यू फाउंडेशन प्रथम रितिका सियाग जोधपुर द्वितीय ज्योति सुथार भीलवाड़ा तृतीय, अंडर 18 00 मीटर हर्डल सुरभि बिश्नोई जोधपुर प्रथम आंचल बिरधा नागौर द्वितीय नेहा यादव जोधपुर तृतीय। अंडर 20 पूनम हनुमानगढ़ प्रथम प्रियांशी खंडेलवाल अलवर द्वितीय निरमा कुमारी बीकानेर तृतीय, **अंडर 20 वर्ष गोला फैक** रीना चौधरी अजमेर प्रथम अंजलि चूरू द्वितीय

भूमि चौधरी कोटा तृतीय, अंडर 18 गोला फेंक द्रोणा चौधरी श्रीगंगानगर प्रथम सबीना खान पाली द्वितीय रिंकू चुरु तृतीय। **अंडर 20 1500 मीटर दौड़** मुस्कान अलवर प्रथम खुशबू नागौर द्वितीय चेतन यादव अलवर तृतीय। **अंडर 20 भाला फेंक** नीलम चौधरी जोधपुर प्रथम खुशी वर्मा कोटा द्वितीय पूनम जोधपुर तृतीय। **अंडर 18 भाला फेंक** सिया बंजारा अजमेर प्रथम दिलखुश चौधरी जयपुर पूनम गुर्जर करौली तृतीय। **अंडर 16 गोला फैक** मोनिका बिश्नोई जोधपुर प्रथम जायदा पाली द्वितीय राधा सुंडा चूरू तृतीय।

अंडर 18 लंबी कूद ज्योति जांगिड़ बाड़मेर प्रथम किरण अजमेर द्वितीय रिया झुंझुनू तृतीय, **अंडर 16 भाला फेंक** प्रियांशी नागौर प्रथम अंजलि कलवानिया सीकर द्वितीय कल्पना कग्रत पाली तृतीय। **अंडर 18 हाई जंप** में आराध्या चौधरी नागौर प्रथम अनीता नागौर द्वितीय मितल श्री गंगानगर तृतीय। **अंडर 18 1000 मी दौड़** दीपिका सीकर प्रथम साजिया चूरू द्वितीय पूजा सुंडा चूरू तृतीय, ट्रायथलॉन ए **अंडर 14** प्रतिज्ञा गोदारा सीकर प्रथम वर्षा अलवर द्वितीय हर्षिता चौधरी नागौर तृतीय, ट्रायथलॉन **अंडर 14** हरलीन महला सीकर प्रथम पायल सैनी बीकानेर द्वितीय दिव्या सुवाल धौलपुर तृतीय, ट्रायथलॉन **अंडर 14** रीत श्रीगंगानगर प्रथम आईना कंवर चूरू द्वितीय अंकिता भाकर चूरू तृतीय, **अंडर 20 400 मी दौड़** नव्या अलवर प्रथम नंदिनी अजमेर द्वितीय हर्षिका जयपुर तृतीय **अंडर 16/